दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू
सत्र-(2024-25)
पुनरावृत्ति पत्रिका

कक्षा-चौथी **विषय- हिंदी**

<u>उपविषय -</u>

पाठ- 1 प्रकृति का संदेश (कविता)
पाठ -2 बुद्धि की जीत
व्याकरण- भाषा और शब्द
अपठित गद्यांश

खंड -क

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भारत त्योहारों का देश है। यहाँ अनेक धर्मों के लोग अपने-अपने त्योहार बड़ी खुशी से मनाते हैं।भारत में बैसाखी का त्योहार पूरे पंजाब में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन लोग नदी तथा सरोवर में स्नान करते हैं। बैसाखी के दिन मंदिरों में पूजा और गुरुदवारों में शब्द-कीर्तन का पाठ किया जाता है तथा उसके उपरांत हलवे का प्रसाद दिया जाता है। नई फ़सल आने के कारण किसानों में विशेष उल्लास होता है। किसान भँगड़ा नृत्य करके अपनी खुशी प्रकट करते हैं। इस दिन लोग नए कपड़े पहनते हैं । इस दिन जगह -जगह मेले लगते हैं । भारतीय पंचांग के अनुसार इस दिन नववर्ष का शुभारंभ होता है। इस दिन कोई भी नया काम आरंभ करना शुभ माना जाता है।

प्र०1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) बैसाखी के दिन लोग कहाँ स्नान करते हैं?

ख) बैसाखी के दिन क्या करना शुभ माना जाता है?

प्र०2 निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए।

क) त्योहार – पर्व , दिन , हवा

ख) खुशी – दुख , आनंद , रोना

प्र०3 सही विकल्प चुनकर लिखिए।

क) बैसाखी के दिन किसानों में विशेष उल्लास किस कारण होता है?

अ) नई फ़सल आने के कारण ब) धूप निकलने के कारण स) बारिश होने के कारण

प्र०4 सही या गलत का निशान लगाइए।

क) किसान भँगड़ा नृत्य करके अपनी खुशी प्रकट करते हैं। ( )

खंड-ख

प्र०5 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए उचित शब्द चुनकर लिखिए।

क) पंजाबी भाषा की लिपि __________है।(देवनागरी/गुरुमुखी)

ख) महाराष्ट्र में _______ भाषा बोली जाती है।(मराठी/गुजराती)

प्र०6 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर भाषा का सही रूप लिखिए।

क) सोनू कहानी पढ़ रहा है।

ख) दीदी कविता सुना रही है।

प्र०7 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।

क) सार्थक खेल रही है।
ख) मेरे को पढ़ना है।

खंड-ग

प्र०8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क) मेढकराज ने मंदविष से क्या पूछा ?

ख) मंदविष रोज़ कितने मेढकों को खाता था ?

प्र०9 निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

क) मेढकराज अपने ________और___________के साथ साँप से मिलने आया ।

प्र०10 निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) निवास-

ख) रफ़्तार -

प्र०11 सही विकल्प चुनकर लिखिए।

क) मंदविष अपने ऊपर बिठाकर किसे सैर कराता था ?

अ) ऋषि को ब) मेढकों को स) साँपों को

प्र०12 सही या गलत का निशान लगाइए।

क) मंदविष ने मेढकराज को सच्ची कहानी सुनाई। ( )

प्र०13 कविता की निम्नलिखित पंक्तियों की पूर्ति कीजिए।

क) पृथ्वी कहती,_________ ,

___________सिर पर भार।

ख) नभ कहता है,___________,

______________सारा संसार।